हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, रविवार, 8 जुलाई, 2025

तापमान
अधिकतम 36.3 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

11 स्कूल संघ ने एडमिशन पोर्टल खुलवाने की मांग उठाई



12 टोल प्लाजा के पास चलती प्राइवेट बस में लगी आग



## मानसून की झमाझम बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से मिली राहत, जलभराव से परेशानी

# 28 एमएम बारिश, शहर पानी-पानी, फंसे रहे वाहन चालक

- जिंदल चौक पर जलभराव से सूर्य नगर ओवरब्रिज जाम
- जलभराव के कारण महाबीर स्टेडियम बना स्विमिंग पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार व आसपास के क्षेत्रों में मानसून जमकर मेहरबान हुए। रविवार की रात्रि तथा सोमवार की सुबह की मानसून की झमाझम बारिश ने लोगों को भिगो दिया। इसके चलते लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। शहर के कई पॉश एरिया समेत निचले इलाकों में जलभराव हो गया। लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतें को सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर दुपहिया वाहन जलभराव के कारण बीच रास्ते में फंस गए। सुबह के समय बारिश के कारण विद्यार्थी स्कूलों में भीगते हुए पहुंचे। आसमान में घने बादलों को देखते कई स्कूल संचालकों ने समय से पहले ही बच्चों की छुट्टी कर दी और इसकी सूचना अभिभावकों को भेज दी। उधर, मानसून की अच्छी बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। किसानों का मानना है कि यह बारिश नरमा, ग्वार, बाजरा, मूंग, मोठ ज्वार व मक्का आदि फसलों के लिए लाभदायक है। आईएमडी के अनुसार सुबह साढ़े 11 बजे तक 28.6 एमएम बारिश दर्ज की गई।

जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से लोगों को उमस से दो-चार होना पड़ रहा था। रविवार की रात्रि हिसार और आसपास के क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई, लेकिन सोमवार की सुबह 7 बजे आसमान में काले बदरा छाए गए और कुछ ही देर बाद झमाझम बरसने लगे। देखते ही देखते शहर के निचले इलाके जलमग्न हो गए। इतना ही नहीं शहर के कई पॉश एरिया में भी बरसाती पानी जमा हो गया। बारिश के चलते हिसार का अधिकतम पारा सामान्य से करीब 4 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। सोमवार को दिन पारा 32 डिग्री सेल्सियस तथा रात्रि पारा 24.6 डिग्री सेल्सियस रहा। उधर, जिंदल चौक पर जलभराव के चलते सूर्य नगर ओवरब्रिज पर कई देर जाम लगा रहा। जाम के चलते लोगों को जिंदल चौक व आसपास बह रहे पानी में कड़ी मशक्कत से आवागमन करना पड़ा। जिंदल चौक पर पुलिस व होम गार्ड के जवान बारिश के पानी में खड़े होकर यातायात व्यवस्था को सुचारू करने में लगे हुए थे।



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3 के सामने जलभराव।



हिसार। आजाद नगर एरिया की मैन सड़क।

### लोगों को परेशानी

## इन इलाकों में हुआ ज्यादा जलभराव



करीब आधे घंटे की तेज बारिश से शहर के कई क्षेत्र जलमग्न हो गए। शहर की ऑटो मार्केट रोड, नागरिक अस्पताल, ऋषि नगर, नागरिक अस्पताल, सैनियान मौहल्ला, डोगरान मौहल्ला, मिल गेट, शांति नगर, राजीव नगर, बड़वाली ढाणी, महावीर कॉलोनी, महत्ता नगर, रामपुरा मोहल्ला, गीता भवन पार्क एरिया, विजय नगर, जिंदल चौक, मॉडल टाउन, पटेल नगर, आजाद नगर, शास्त्री नगर, अर्बन एस्टेट, कैंप चौक, नई सब्जी मंडी रोड, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेट नंबर 3, महाबीर स्टेडियम आदि क्षेत्रों में काफी जलभराव हो गया। इन क्षेत्रों में कही-कहीं तो ज्यादा जलभराव के चलते लोगों के घरों में भी पानी घुस गया। दोपहर बाद अधिकतर क्षेत्रों में पानी उतर गया, लेकिन कई क्षेत्र ऐसे थे, जहां रात तक भी सड़क पर जलभराव की स्थिति बनी रही।

### विशेषज्ञों ने बताई संभावना

## 10 तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार बंगाल की खाड़ी की तरफ से नमी वाली मानसूनी हवाएं राज्य की तरफ आने से हरियाणा में 10 जुलाई तक मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान राज्य के ज्यादातर क्षेत्रों में हवाओं व गरजचमक के साथ बारिश होने की संभावना है। इस दौरान कुछ एक स्थानों पर तेज बारिश की संभावना बन रही है। जिससे इस दौरान दिन के तापमान में हल्की गिरावट तथा वातावरण में नमी की अधिकता बने रहने की संभावना है। आने वाले दिनों में गर्मी से राहम मिलने की उम्मीद है, लेकिन मौसम बार बार करवट बदलेगा। बरसात और कई क्षेत्रों में तेज हवाएं चलने की भी संभावना हैं। कुल मिलाकर कुछ दिनों तक मौसम सुहाना रहने की उम्मीद है।

### जल निकासी प्रबंधों का जायजा लिया

## उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों से निकासी के प्रबंधों की रिपोर्ट तलब की

**हिसार।** जिले में हुई भारी बारिश के मद्देनजर उपायुक्त अनीश यादव ने सोमवार को जिले के शहरी इलाके में पानी निकासी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा भी की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जल निकासी के प्रबंधों को दुरूस्त रखें ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उपायुक्त ने मिल गेट, मेला ग्राउंड सेक्टर-23, ऑटो मार्केट, बरवाला बाइपास, फव्वारा चौक, सर छोटूराम चौक सहित अन्य इलाकों में स्थिति का निरीक्षण किया।



हिसार। जल निकासी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते उपायुक्त अनीश यादव।

### यहां भी हालात बदतर

## थोडी-सी बारिश से आदमपुर की सड़कें लबालब, पैदल चलना भी दुश्वार

**आदमपुर।** पिछले दो दिनों से हो रही रुक-रुककर बारिश से आदमपुर क्षेत्र में बुरा हाल है। क्षेत्र की सड़कें बाजारों की गलियां दलदल में तब्दील हो चुकी है। इसके चलते लोगों को पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है। जहां देखो वहीं कीचड़ ही कीचड़ दिखाई पड़ता है। इन हालत में वाहन चलाना तो दूर की बात पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। पांच मिनट के रास्ते को पार करने के लिए आधा घंटा लग रहा है। क्षेत्रवासियों के अनुसार थोड़ी सी बरसात के कारण बस अड्डा से कॉलेज, आइटीआई, बहुतकनीकी संस्थान में आवागमन करने वाले हजारों छात्रो को आने जाने मे भारी परेशानी हो रही है।



## खबर संक्षेप

### जयपुर स्पेशल रेलसेवा में बढाए 4 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे

**हिसार।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए जयपुर-भिवानी-जयपुर स्पेशल रेलसेवा में 4 द्वितीय शयनयान (अनारक्षित) श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। गाडी संख्या 09733/09734, जयपुर-भिवानी-जयपुर स्पेशल रेलसेवा में जयपुर से 8 जुलाई से 31 जुलाई तक एवं भिवानी से 8 जुलाई से 31 जुलाई तक 04 द्वितीय शयनयान (अनारक्षित) श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। विभाग के अनुसार अनारक्षित टिकट वाले यात्री भी इन कोचों में यात्रा कर सकेंगे।

### फैक्ट्री में करंट लगने से मजदूर की मौत

**हिसार।** निकटवर्ती गांव आर्यनगर में निर्माणाधीन फैक्ट्री में बिजली का करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव भाणा निवासी राजकुमार की रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार राजकुमार अन्य मजदूरों के साथ आर्यनगर की एक निर्माणाधीन फैक्टरी में काम कर रहा था। तीसरी मंजिल पर काम करते समय उसका हाथ बिजली के पंखे से छू गया और उसे करंट लगा। इससे उसकी मौत हो गई।

### चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी काबू

**हांसी।** पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने चेक मामले में उद्घघोषित अपराधी हिसार के टोकस गांव निवासी राजेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपी को अदालत द्वारा चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था। पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया।

### पुलिस टीम ने छात्राओं से किया संवाद

**हिसार।** दुर्गा शक्ति टीम व महिला समर्पित पुलिस टीम ने शैक्षणिक संस्थानों व सार्वजनिक स्थलों का दौरा कर छात्राओं से बातचीत की और साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा तथा उनके कानूनी अधिकारों को लेकर उन्हें जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि टीमों ने छात्राओं को साइबर अपराध के बढ़ते खतरे के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी।। साथ ही छात्राओं को डायल 112 जैसी इमरजेंसी सेवाओं की जानकारी दी गई।

### ई-रिक्शा की बैटरी चोरी के मामले में दो पकड़े

**हांसी।** थाना शहर हांसी पुलिस ने गली में खड़ी ई-रिक्शा की चार बैटरी चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों की पहचान भिवानी के देवनगर निवासी रविन्द्र व खरक कलां निवासी आकाश उर्फ पाली के रूप में हुई है। शहर थाना हांसी में तैनात एएसआई सत्यवान ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने 23 जून की रात को जगदीश कॉलोनी में घर के बाहर गली में खड़ी ई-रिक्शा की चार बैटरी चोरी कर ली थी। शहर थाना पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

### भाविप वीर शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न

**हिसार।** भारत विकास परिषद वीर शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह पंजाबी भवन के सभागार में आयोजित किया गया। इसमें प्रांतीय उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा ने डॉ. रमेश आर्य को अध्यक्ष, डॉ. देवेंद्र मोहन को सचिव व संजय भयाना को वित्त सचिव के दायित्व की शपथ दिलवाई। समारोह के मुख्य अतिथि पीडब्ल्यूडी एवं जन स्वास्थ्य विभाग मंत्री रणबीर गंगवा ने वीर शाखा के स्थाई प्रकल्प निशुल्क देशराज मेमोरियल वीर जन सेवार्थ औषधालय द्वारा मरीजों के निःशुल्क इलाज और अन्य सेवा कार्यों की प्रशंसा की। इस मौके पर अति विशिष्ट अतिथि कमल सर्राफ, भाजपा महामंत्री संजीव रेवड़ी, डॉ महिपाल यादव, पंकज संधीर मौजूद रहे।

## खेत में पानी दे रहे युवक की संदिग्ध हालात में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

उपमंडल के गांव शेखपुरा में सोमवार सुबह खेत में धान की फसल लगाने के पानी लगा रहे 32 वर्षीय किसान प्रदीप की खेत में मौत हो गई। वह अपने खेत में धान की बिजाई के लिए पानी लगा रहा था कि वह अचानक से बेहोश हो कर खेत में गिर गया। परिजनों ने जब प्रदीप को पानी में गिरे देखा तो वे उसे तुरंत उपचार हेतु नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि प्रदीप को खेत में काम करते समय अचानक हार्ट अटैक आया। वहीं प्रदीप की मौत की सूचना सन्नाटा पसर गया। सूचना मिलने पर शेखपुरा चौकी पुलिस ने नागरिक अस्पताल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर मृतक प्रदीप के चाचा उमेद सिंह के बयान पर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। प्रदीप के चाचा उमेद सिंह ने बताया कि प्रदीप खेत में पानी लगा रहा था और दूसरी क्यारी में पानी देने के लिए नाका खोल रहा था। और उसी वक्त उसे हार्ट अटैक आ गया और वह वहीं गिर गया।

### इकलौता सहारा था

प्रदीप अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। वह दो मासूम बच्चों का पिता व अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। प्रदीप की अचानक मौत से उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## आईटीआई से जिन्दल चौक तक हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** नगर निगम की तहबाजारी टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने अभियान निरंतर जारी है। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि सोमवार को टीम ने अतिक्रमण हटाने की शुरुआत राजगढ़ रोड से बाईपास रोड से अतिक्रमण हटाने से की। इसके बाद आजाद नगर व बाईपास रोड से तोशाम चुंगी नाके तक अतिक्रमण हटाया। इसके साथ ही सेक्टर 16-17 रोड से भी अतिक्रमण हटाया और रोड से अवैध होर्डिंग हटाए।

इसके पश्चात टीम ने आईटीआई चौक से जिन्दल चौक तक अतिक्रमण हटाया। साथ ही न्यू मॉडल टाउन एक्सटेंशन से भी अतिक्रमण हटाया गया। इसके बाद टीम ने जिन्दल चौक से डाबड़ा चौक तक अतिक्रमण हटाया। इसके अलावा रेड स्क्वेयर मार्केट से अतिक्रमण हटाया गया।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने की तैयारी, कल बसों का चक्का जाम रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

यदि हरियाणा सरकार ने समय रहते रोडवेज कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को हल नहीं किया तो रोडवेज कर्मचारी 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेकर चक्का जाम करेंगे। रोडवेज कर्मचारियों की मांगे व समस्याएं लंबे समय से लंबित है और सरकार इन पर ध्यान नहीं दे रही है।

यहां स्थित राज्य मुख्यालय में हुई बैठक के बाद राज्य प्रधान जगदीप लाठर एवं महासचिव चमन लाल स्वामी ने रोडवेज कर्मचारियों की लंबित मांगों एवं समस्याओं का ब्यौरा दिया। उन्होंने कहा कि यदि सरकार कर्मचारियों की बकाया मांगों को सरकार लागू नहीं करती हैं तो पूरे प्रदेश में सभी रोडवेज कर्मचारी 9 जुलाई को पूर्ण रूप से चक्का जाम करेंगे। संगठन के संरक्षक एवं पूर्व राज्य प्रधान दलबीर किरमारा ने बैठक में विशेष रूप से भाग लिया और संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर विश्वास दिलाया कि अगर सभी कर्मचारी संगठन से जुड़कर कोई भी सामूहिक आंदोलन करते हैं तो निश्चित ही कर्मचारियों की जीत होगी। इस अवसर पर सुभाष ढिल्लो, संदीप सिंघवा, दीपक हुड्डा, संदीप रंगा, सज्जन कंडेला, सुधीर अहलावत, कुलदीप पाबड़ा, डिपो प्रधान जोगिंदर सिंह पंघाल, पूर्व प्रधान अजय दुहन, दर्शन जांगड़ा, मनोज वर्मा, संदीप सैनी मौजूद रहे।



हिसार। बैठक के बाद चक्का जाम का ऐलान करते रोडवेज कर्मचारी।

## भत्तों की मांग को लेकर कर्मचारियों का प्रदर्शन

**हिसार।** चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और वीएलडीए ने सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में सेक्टर 1 स्थित राजकीय पशुधन फार्म पर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही के चलते उनको भत्ते और सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। पूर्व जिला प्रधान कृष्ण कुमार, वीएलडीए भारत भूषण, अमर सिंह, ईश्वर, आदि ने बताया कि 2020 से लेकर 2023 तक एलटीसी सभी कर्मियों की बकाया है। इसके अलावा शिक्षा भत्ता, मेडिकल बिल भी काफी समय से अटके हुए हैं। जब इस बारे में अधिकारी से मिलने जाते हैं वो उन्हें आश्वासन देकर भेज देते हैं। कर्मचारियों के अनुसार सोमवार को जब वे अपनी मांगों के समर्थन में अधिकारी से मिलने पहुंचे तो पता चला कि डिप्टी डायरेक्टर पास 4-5 जगह के चार्ज है।

### समाधान शिविर में डीसी यादव ने सुनी जनसमस्याएं

## सीसवाल गांव के सरपंच पर गबन का आरोप, उपायुक्त ने दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले में आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त अनीश यादव ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे जनता से प्राप्त शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर करें, ताकि आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके। शिविर का आयोजन लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।

शिविर में गांव सीसवाल के सरपंच द्वारा विकास कार्यों में गबन की शिकायत पर उपायुक्त ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को मामले की जांच कर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव बडाला निवासी ओमप्रकाश ने सड़क मरम्मत करवाने की मांग पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौका मुआयना कर आगामी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार एक अन्य शिकायत में गांव खरकडा निवासी राकेश ने मोगा तोड़ने के कारण नाली का पानी ओवरफ्लो होकर खेतों में जाने संबंधी शिकायत पर उपायुक्त अनीश यादव ने सिंचाई विभाग के एसई को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा, नगराधीश हरिराम, नगर निगम के एएमसी प्रदीप कुमार, खंड शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी कीर्ति सिरोहीवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



हिसार। समाधान शिविर में पहुंचे नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते उपायुक्त अनीश यादव।

## हेरोइन सहित युवक व महिला गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की नशा निरोधक टीम ने उकलाना की गांधी कॉलोनी से एक युवक और एक महिला को काबू कर उनके कब्जे से 7.54 ग्राम हेरोइन बरामद की है। टीम प्रभारी उप निरीक्षक इंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर गांधी कॉलोनी, उकलाना मंडी से मोटरसाइकिल सवार एक युवक और एक महिला को रोका। पूछताछ में उन्होंने खुद को गांधी कॉलोनी निवासी सन्नी व मनप्रीत बताया। पुलिस उप अधीक्षक संजीव कुमार की उपस्थिति में महिला पुलिस कर्मी द्वारा महिला मनप्रीत की तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से एक पॉलिथीन थैली में 7.54 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने बरामद नशे की सामग्री और मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर दोनों के खिलाफ केस दर्ज करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे यह हेरोइन नरवाना की चमेला कॉलोनी से एक महिला और पुरुष से खरीद कर लाए थे। आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## 49.64 लाख रुपये की ठगी मुंबई से पकड़ा एक आरोपी

- आरोपी बैंक खाते खरीदकर ठगी करने वाले गिरोह को देता था कमीशन पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 49.64 लाख की ठगी के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मध्यप्रदेश के हरदा जिले के गांव खिरकिया निवासी मोहम्मद आसिफ सक्ला के रूप में हुई है, जिसे मुंबई से गिरफ्तार किया गया है। एएसआई नरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी मोहम्मद आसिफ सोशल मीडिया के माध्यम से नागरिकों से संपर्क कर उनके बैंक खातों को खरीदता था और उन्हें आगे ठगी करने वाले गिरोह को उपलब्ध कराता था। इसके बदले में वह खातों में आने वाले लेन-देन पर दो से तीन प्रतिशत कमीशन लिया करता था। इस मामले में पहले ही दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में 4 जून 2024 को पोर्टल के माध्यम से हिसार साइबर थाना में एक शिकायत प्राप्त हुई थी।

### ऐसे ऐंठे रुपये

शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने इंस्टाग्राम पर शेयर मार्केट ट्रेडिंग से संबंधित एक रील देखी थी। इसके बाद वह एक व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल हुआ और मास्टरट्रस्ट नामक एक मोबाइल ऐप डाउनलोड किया। ऐप पर पहले से कई लोग सक्रिय थे। शिकायतकर्ता ने एक अप्रैल 2024 को 50 हजार रुपये से ट्रेडिंग शुरू की। ऐप पर उसे लगातार पांच प्रतिशत लाभ दिखाया गया, जिससे प्रभावित होकर उसने विभिन्न तारीखों में कई ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 49 लाख 64 हजार जमा करवा दिए। जब उसने ऐप में दिख रही राशि को निकालने की कोशिश की, तो पैसा नहीं निकला और तब उसे ठगी का एहसास हुआ। शिकायत के आधार पर हिसार साइबर थाना में केस दर्ज करके जांच शुरू की गई।

# हरिभूमि सहेली



# जीवन को दिशा देती है बुजुर्गों की सलाह

जीवन में जब भी आप उलझनों में फंस जाएं, समस्याओं से घिर जाएं और समझ में ना आए कि क्या करें, तो ऐसे समय में अपने बड़े-बुजुर्गों के पास जाएं, उन्हें अपनी समस्याएं बताएं, वे बहुत अपनेपन से आपकी बात सुनेंगे, समस्याओं से निकलने का रास्ता बताएंगे। उनके जीवन अनुभव आपके लिए बहुत अनमोल साबित होंगे।

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

बड़ों का आशीर्वाद ही नहीं, उनकी सलाहें भी अनमोल होती हैं। छोटी हो या बड़ी, हर उलझन-समस्या में उनका मार्गदर्शन मददगार बनता है। सहज रूप से नई पीढ़ी को सही दिशा दिखाता है। उनके अनुभव प्रैक्टिकली जिंदगी से मिलवाते हैं। आम-सी सलाह भी जीवन के लिए बहुत मूल्यवान होती है। बरसों जिंदगी से जूझकर जुटाए गए अनुभव और सुख-दुःख को जीते हुए सीखे अनगिनत सबक, नई जेनरेशन की जिंदगी को सही दिशा में आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

## अनुभव से सबक

बुजुर्गों ने अपनी जिंदगी में हर तरह के हालात से जुड़े अनुभवों को जीया होता है। सरवाइवल के सूत्रों को खुद समझा होता है। सहज हो या चुनौतीपूर्ण, परिस्थितियां बहुत से सबक सिखाकर जाती हैं। ऐसे में संचित समझ और ज्ञान की पूंजी से भरी उनकी झोली नई पीढ़ी का मार्गदर्शन कर सकती है। जीवन के हर पहलू पर उनसे मिली सलाह सही दिशा दिखा सकती है। रिश्तों और करियर से लेकर व्यक्तित्व विकास, सही फैसले लेने और खुद को थामने के मोर्चे पर बड़ों का दृष्टिकोण अहम होता है। जो हर जटिल परिस्थिति में जादू-सा बन मन को दिशा दे जाता है। ऐसे अनमोल सबक किताबों में नहीं मिलते। ना ही हर ओर छाई रील्स और वीडियोज जिंदगी के संघर्षों को जीकर जुटाए गए इस तजुर्बे की बराबरी कर सकते हैं।

## सहजता का भाव

'लेट गो, छोड़ो, जाने दो या भूल जाओ' यह सलाह बड़ों की बातों में अवश्य शामिल होती है। असल में जीवन भर की उलझनों में अपनी ऊर्जा और समय लगा चुके बुजुर्ग इस सच को समझ चुके होते हैं कि अपने आप के प्रति भी सहजता का भाव जरूरी है। मन दुखाने वाली बातों को पकड़कर बैठ जाना असल में खुद को ही दुख देता है। ऐसी चीजों को जाने देना ही सही है। इसीलिए बड़े हमेशा समझाते हैं कि तकलीफदेह बातों को मत पकड़ो। मन में पलता द्वेष या शिकायतें, आज ही नहीं आने वाले कल में भी खुद को ही चोट पहुंचाते हैं। समय और स्थिति बदल जाती है पर मन के कोने में दबा दुख, आक्रोश या दुर्भाव सदा के लिए ठिकाना बना लेता है। हमारे बड़े-बुजुर्ग उम्र के इस पड़ाव पर पहुंचने के बाद याद करते हुए कहते ही हैं कि 'मुझे यह नहीं करना था' या 'किसी अपने से दूर नहीं होना था' पीछे छोड़े जीवन में जो बातें, निर्णय या शब्द उनके लिए आज अपराधबोध का कारण बन रही हों, वे उनसे बचने की समझ का पाठ जरूर पढ़ाते हैं। इसी के चलते हर हाल में सहज रहने की सलाह देना वे कभी नहीं भूलते।



### खुलकर जीने की सलाह

जिंदगी की आपा-धापी में जीना ही भूल जाने की गलती करने वाले युवाओं को बुजुर्ग खुलकर जीने की सलाह भी देते हैं। अच्छा-बुरा वक्त जीवन भर दस्तक देता रहता है। लोग मिलते-बिछुड़ते हैं। जिम्मेदारियां भी निभानी ही होती हैं। ऐसे में सारा वक्त फिक्र करने में नहीं लगाया जा सकता है। डरकर जिंदगी को नहीं जिया जा सकता। हमारे बड़ों ने बहुत से हालातों से गुजरने के बाद यही समझा होता है कि बात-बात में भयभीत होने का कोई अर्थ नहीं। जीवन की अपनी गति है। उसके साथ सहजता से चलते रहना ही सही तरीका है। यही कारण है कि हमारे बुजुर्ग सामाजिक-पारिवारिक माहौल से जुड़ने की सलाह भी देते हैं। भारतीय समाज में तो घर बसाने के मामले में बुजुर्गों की सलाह आज भी सबसे अहम मानी जाती है। बड़े भी अपने अनुभवों से सावधानी के साथ अपना जीवन साथी चुनने की ना केवल सलाह देते हैं बल्कि चुनाव में मदद भी करते हैं। जिसके साथ जीवन बिताना हो, उसके बारे में व्यावहारिक धरातल पर सब कुछ जानने-समझने की समझाइश देते हैं। सोशल-फैमिली फ्रंट पर आज के बदलते दौर में बड़ों की एडवाइस बहुत कारगर साबित होती है।



## स्वास्थ्य सहेजने का सुझाव

अपने शरीर की देखभाल करने का सुझाव बड़े-बुजुर्ग बहुत गंभीरता से देते हैं। सेहत सहेजने के लिए समय रहते सजग होने का पाठ पढ़ाते हैं। अपने स्वास्थ्य की संभाल को लेकर की गई अनदेखी या किसी गलती का उदाहरण भी देते रहते हैं। वे नहीं चाहते कि नई पीढ़ी बीमारी के बारे में देर से जानने या सही समय पर अवेयर न होने की गलती करे। इसीलिए एक्टिव रहने, बुरी आदतों से बचने और नियमित जांच करवाने की सलाह बड़े-बुजुर्ग देते हैं। छोटी सी गलती का खामियाजा कितना बड़ा हो सकता है, वे देख चुके होते हैं। इसीलिए नई पीढ़ी को अपने स्वास्थ्य से जुड़ी परंपरागत चीजों की जानकारी भी देते रहते हैं। हम यह बात जोर देकर कहेंगे कि समय निकालकर अपने बुजुर्गों के पास बैठें। उनकी बातें सुनना जीवन के एक भरे-पूरे खजाने को खंगालने जैसा है। इसी खजाने से आपको जीवन जीने का सलीका सिखाने वाली सलाहों के अनमोल मोती मिलेंगे। ❁

---

हर इंसान अपने करियर में कामयाब होना चाहता है। वह इसके लिए प्रयास भी करता है, लेकिन बाधाएं भी आती हैं। इन बाधाओं से कभी हताश-निराश ना हों। हम आपको बता रहे हैं, बाधा को दूर करने के लिए आप कौन से कारगर उपाय अपनाएं।

# ऐसे दूर करें बाधाएं सफलताएं चूमेंगी कदम

सक्सेस फंडा

शिखर चंद जैन



कई बार आप जब कुछ करने वाली होती हैं तो आपका मन विचलित हो जाता है, काम से ध्यान हट जाता है, काम आगे नहीं बढ़ पाता। आपकी मानसिक स्थिति आपको आगे नहीं बढ़ने देती। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो ध्यान दीजिए और कुछ सामान्य उपाय अपनाइए ताकि बाधाएं दूर हों। आपका काम सुचारु रूप से आगे बढ़े। आप सफलता अर्जित करें।

**जब काम में ना लगे मन:** कई बार जब हम कोई काम शुरू करते हैं तो हमारा मन नहीं लगता, ऊब-सी होती है या मन इधर-उधर भटकता है। ऐसी स्थिति में आप सबसे पहले वह काम शुरू करें, जिसमें आपकी रुचि ज्यादा हो। इस काम को पूरा होने का दृढ़ संकल्प लें। इससे आपके मन में एक नई ऊर्जा जागृत होगी।

**आत्मानुशासन है जरूरी:** जीवन में बाधाएं आपको पग-पग पर मिलेंगी। आप उन पर नियंत्रण नहीं कर सकतीं, लेकिन अपनी प्रतिक्रिया और अपने मन पर अवश्य नियंत्रण रख सकती हैं। लाइफ में सेल्फ डिसीप्लीन भी जरूरी है। आपकी इच्छा शक्ति इतनी प्रबल होनी चाहिए कि अगर कुछ करने की योजना बना ली है तो उसे किसी भी कीमत पर टालना नहीं है।




**योजना और लक्ष्य के साथ बढ़ें:** बिना योजना बनाए और बिना किसी लक्ष्य के आगे बढ़ना ऐसा ही है, जैसे ट्रेन में बैठ गए लेकिन पता नहीं है कि पहुंचना कहां है? जाहिर है, आपको अपने टारगेट का पता नहीं होगा तो आपका ध्यान इधर-उधर भटकेगा ही। वहीं जब आप योजना और लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेंगी तो आपको अपने एक-एक कदम की जानकारी रहेगी कि आप क्या कर रही हैं और आगे क्या करना है? ऐसे में आपका ध्यान पूरी तरह अपने काम पर केंद्रित रहेगा। अगर बाधाएं आती भी हैं तो आप उन्हें पार करती चली जाएंगी।

**लोगों से लें सलाह:** समस्याएं और बाधाओं के आने पर कभी घबराएं नहीं, संयत रहें। अपने आस-पास मौजूद अनुभवी लोगों, इष्ट मित्रों या परिजनों की सलाह और मदद लें। उन्हें अपनी स्थिति और समस्याओं के बारे में बताएं और उन्हें सुलझाने का उपाय पूछें। कई बार जब आप विभिन्न लोगों से राय लेती हैं तो उनकी राय भले पसंद ना आए, लेकिन उनके आधार पर आपके दिमाग में कोई नया आइडिया आ सकता है।

**नए तरीके आजमाएं:** कई बार जब हम लगातार अड़चनों से घिरने लगते हैं, अपने काम से संतुष्ट नहीं होते तो एंजायटी और सेल्फ डाउट हम पर हावी हो जाता है। ऐसी स्थिति में हम अंतर्मुखी होने लगते हैं। छोटी-छोटी बाधाएं भी हमें बड़ी लगने लगती हैं। नतीजतन हम चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से डरने लगते हैं। ऐसे में हमें जीने और काम करने के नए तरीके आजमाने चाहिए।

**व्यवधान वाले लोगों से दूरी:** हम सबके जीवन में कुछ लोग ऐसे आ जाते हैं, जो व्यवधान, कलह और अशांति पैदा करते हैं। ऐसे लोगों को शीघ्र पहचान लें। अनसपोर्टिव और हमेशा डिस्टर्ब करने वाली रिलेशनशिप से जल्द से जल्द दूरी बना लें। यदि ऐसे लोग काफी नजदीकी रिश्तेदार हैं तो उनके साथ बहुत औपचारिक संबंध रखें।

**विश्वास रखें:** हम लक्ष्य तय करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं तो कई प्रकार के व्यवधान आते ही हैं। किसी कारणवश ठिठकना या रुकना पड़ जाए तो घबराना नहीं चाहिए। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई कहते हैं, 'बाधाएं लक्ष्य प्राप्ति की प्रक्रिया का नैसर्गिक हिस्सा हैं। कई बार हमें अपने कामों के लिए दूसरों पर भी निर्भर होना पड़ता है। ऐसे में आपको उन पर भरोसा रखना होता है। साथ ही खुद पर भी भरोसा रखें।' अपनी बेहतरीन कोशिश करते समय याद रखें कि दुनिया आपके प्रदर्शन, कार्य-कौशल और जुनून को देख रही है। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, आपकी कामयाबी की राहें खुलती जाएंगी। ❁

---

पहले बच्चे के बाद दूसरे बच्चे के जन्म होने पर दोनों नन्हे बच्चों का लालन-पालन मां के लिए आसान नहीं होता है। पहला बच्चा दूसरे के जन्म के बाद अपने आपको इग्नोर ना समझे, दोनों की परवरिश सही ढंग से हो, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखें।

# सेकेंड बेबी के आने पर बड़े को ना करें इग्नोर

परवरिश

दीपिका शर्मा



अकसर यह देखा जाता है, सेकेंड बेबी के आने पर पैरेंट्स अपने बड़े बच्चे की परवरिश में लापरवाही बरतने लगते हैं, वे पूरा ध्यान सेकेंड बेबी पर लगा लेते हैं। समय से पहले ही बड़े बच्चे को बड़ा होने का एहसास दिलाने लगते है, इस कारण बच्चे के कोमल मन-मस्तिष्क पर बुरा असर पड़ता है, इसलिए जरूरी है कि बच्चे की सही परवरिश पर ध्यान दें। अगर आप दूसरे बच्चे की प्लानिंग कर रहे हैं तो भी या आप दो बच्चों के पैरेंट्स हैं तो भी ऐसी गलतियां करने से बचें ताकि पहले बच्चे के मन में अपने सिबलिंग के लिए ईर्ष्या की भावना ना पैदा हो, अपने माता-पिता के प्रति उसके मन में नकारात्मक भाव जन्म ना लें।

**बड़ा होने का ना दें दबाव:** अधिकतर पैरेंट्स में मां ही बच्चों के साथ अधिक समय बिताती है। ऐसे में पहले बच्चे को बात-बात पर यह दबाव ना डालें कि वह छोटे बेबी के आने से बड़ा हो गया है, क्योंकि इससे बच्चे अपने आने वाले छोटे भाई-बहन के सामने खुद को इग्नोर-इंसिक्योर समझने लगते हैं।

**डालें शेयरिंग-केयरिंग की आदत:** सेकेंड प्रेग्नेंसी की शुरुआत से ही बड़े बच्चे में धीरे-धीरे शेयरिंग और केयरिंग की आदत डेवलप करना शुरू कर दें, क्योंकि अगर दूसरे बच्चे के आने के बाद पहले बच्चे की चीजें आप साझा करेंगी तो बच्चे के मन में यह बात आएगी कि वह अपने मम्मी-पापा के लिए इंपॉर्टेंस नहीं रखता, नया बेबी अब ज्यादा प्यारा है, ज्यादा इंपॉर्टेंस रखता है। इससे बच्चे में हीन भावना उत्पन्न होने लगेगी।

**बड़े बच्चे के साथ थोड़ा वक्त जरूर बिताएं:** माना कि घर में छोटा बच्चा है तो मां को बहुत से काम होते हैं, इस कारण वह बड़े बच्चे पर पूरा ध्यान नहीं दे पाती, लेकिन आपकी यह गलती बच्चे के मन में घर कर सकती है। उसके मन में हमेशा यही भाव रहता है कि मुझे कोई प्यार नहीं करता। वह घरवालों से कटने लगता है। उसे मूड स्विंग की भी परेशानी होने लगती है, इसलिए जरूरी है कि बड़े बच्चे के साथ थोड़ा वक्त जरूर बिताएं, उसके साथ हंसी-मजाक करें, उसके साथ थोड़ा खेलें, उसे सोने के समय कोई छोटी-सी कहानी सुनाएं और जागते समय दुलार करें। उसे एहसास दिलाएं कि आप उसको भी बहुत प्यार करती हैं।



**छोटे की गलती पर बड़े को ना डांटें:** कई बार मांएं, छोटे बच्चे के साथ खेलने या उसका ध्यान रखने की जिम्मेदारी बड़े को दे देती हैं और अगर उससे कोई भूल हो जाती है तो उसे डांटने लगती हैं। ऐसा करने से बड़ा बच्चा भावनात्मक रूप से बिल्कुल अकेला महसूस करता है। इसलिए कोई गलती करने पर भी बड़े बच्चे को डांटने या झिड़कने के बजाय जहां तक हो सके उसे प्यार से ही समझाएं।

**बड़े बच्चे के जन्म के समय की यादें बताएं:** जिस तरह आप अपने छोटे बेबी की केयर से जुड़े ढेरों काम करती हैं, इसी तरह आप बड़े बच्चे के भी काम उसके जन्म के समय करती थीं, इन बातों को उसे बताएं। उसकी शैतानियां या कैसे वो खाता था, इस तरह की छोटी-छोटी बातें उसके साथ साझा करें। इससे वो समझ पाएगा कि उसके छोटे भाई या बहन के लिए भी मां की केयर बहुत जरूरी है।

**बड़े बच्चे को प्रोत्साहित करें:** बच्चा अगर आपसे अपनी कोई बात कहना चाहता है तो उसकी सुनें या उसने कोई अच्छा काम किया है तो तारीफ कर प्रोत्साहित करें। ❁

---

# बारिश के दिनों में ऐसा हो मेकअप

मेकअप

सरिता गुप्ता

बारिश के दिनों में उमस और चिपचिपाहट के कारण मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखना बहुत मुश्किल हो जाता है। ऐसे में आप इन दिनों वाटरप्रूफ मेकअप प्रोडक्ट्स का ही यूज करें। ये मेकअप प्रोडक्ट्स आपके मेकअप को लॉन्ग लास्टिंग रखते हैं। इसके साथ ही हम आपको यहां कुछ ऐसे मेकअप टिप्स बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप बारिश के मौसम में भी खूबसूरत और फ्रेश नजर आएंगी।

**प्राइमर-फाउंडेशन:** इस मौसम में एक स्मूद मेकअप बेस बनाने और एक्सेस ऑयल को मैनेज करने में मदद करने के लिए मेकअप से पहले मैटिफाइंग प्राइमर लगाएं। यह मेकअप को लंबे समय तक बनाए रखने में मदद करता है। इसके साथ ही वाटरप्रूफ फाउंडेशन का यूज करें, जो आपकी स्किन पर पसीना नहीं आने देगा। ऐसा करने से आपकी स्किन ग्लो करेगी और आपको फ्रेश लुक मिलेगा।



**सेमी-मैट फिनिश लिपस्टिक:** बरसात के मौसम में आप सेमी-मैट फिनिश लिपस्टिक का चुनाव कर सकती हैं। इससे आपके होंठ रूखे नहीं लगेंगे। इसके अलावा आप अपनी पसंद के शेड में स्मज-प्रूफ और लंबे समय तक टिकने वाला लिप लाइनर चुनें। फिर होंठों पर टिंट या टिंटेड लिप बाम लगाएं ताकि होंठ मॉश्चराइज रहे और लिप मेकअप पानी में बहे नहीं।

**आई मेकअप प्रोडक्ट्स:** इस मौसम में हमेशा आई मेकअप के लिए वाटरप्रूफ प्रोडक्ट्स का ही यूज करें। सबसे पहले इसकी शुरुआत वाटरप्रूफ मस्कारा से करें, जिसे लगाने के बाद बारिश में भीगने पर भी आपकी आंखों की खूबसूरती बिल्कुल कम नहीं होगी। साथ ही आप काजल या आई लाइनर भी वाटरप्रूफ ही लगाएं।

**सेटिंग पावडर:** बारिश के मौसम में, मेकअप से पहले और बाद में चेहरा ऑयली नजर आने लगता है। लेकिन जब आप सेटिंग पावडर से उसे सेट कर देती हैं तो मेकअप एकदम मैट लुक देता है और फ्लॉलेस नजर आता है। यह मेकअप को इस मौसम में मेल्ट होने से बचाता है, इसलिए सेटिंग पावडर को अपनी मेकअप किट में जरूर शामिल करें।



**सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल:** मेकअप करने के सबसे बाद में मेकअप को लॉक करने के लिए सेटिंग स्प्रे अप्लाई करें। ये प्रोडक्ट ऐसा होना चाहिए, जो मैट-फिनिश लुक प्रदान करता हो और लंबे समय तक चलने वाला फार्मूला डिजाइन किया गया हो। इससे आपके मेकअप को नमी झेलने में मदद मिलेगी और आप लंबे समय तक फ्रेश नजर आएंगी। ❁

**(मेकअप एक्सपर्ट रक्षा गुप्ता से बातचीत पर आधारित)**

---

बारिश के मौसम में अनेक संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए अपनी डाइट को लेकर एलर्ट रहना चाहिए। हम आपको बता रहे हैं कुछ ऐसे फल, सब्जियों के बारे में, जिन्हें इस दौरान खाने से बचना चाहिए।

# रेनी सीजन में इन्हें ना करें अपनी डाइट में शामिल

डाइट

राजकुमार 'दिनकर'

बारिश के दिनों में ज्यादातर लोग खान-पान में लापरवाही बरतने के कारण ही बीमार पड़ते हैं। यही वजह है कि इन दिनों डॉक्टर भी खाने-पीने में परहेज बरतने की सलाह देते हैं। इन दिनों विटामिन और मिनरल से भरपूर सब्जियां भी खराब मौसम के कारण हमारे लिए नुकसानदेह साबित होने लगती हैं, क्योंकि कई ऐसी सब्जियां होती हैं, जिनमें बैक्टीरिया बहुत तेज गति से बढ़ने लगते हैं और अगर हम उनका सेवन कर लेते हैं, तो वे हमारे लिए पाचन और पेट संबंधी समस्याओं का कारण बन जाती हैं। विभिन्न हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार हम आपको बता रहे हैं कि इस मौसम में कौन से ऐसे फल और सब्जियां हैं, जो जल्दी खराब होती हैं इसलिए इन्हें खाने से परहेज करना चाहिए।

**हरी सब्जियां:** बारिश के दिनों में पालक, मेथी, विभिन्न तरह के साग, धनिया, पुदीना, सलाद पत्ता जैसी हरी सब्जियों में ज्यादा नमी होने से बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं और पाचन संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इनमें से कई सब्जियों में तो बारिश के दिनों में कीड़े भी पैदा हो जाते हैं। खेतों में पानी भरने के कारण इनमें गंदगी लग जाती है और इन्हें हम कितना भी साफ कर लें, इनमें बैक्टीरिया मौजूद रहते हैं। इसलिए बारिश के दिनों में हरी सब्जियां खाने से खास परहेज बरतना चाहिए।









**अंकुरित अनाज:** जैसा हम जानते हैं, किसी भी तरह के अनाज को अंकुरित करने के लिए पहले उसे 8-10 घंटे भिगोया जाता है और फिर उसके बाद उसे अंकुरित करने के लिए रखा जाता है। इस सारी प्रक्रिया में लंबे समय तक पानी या नमी के संपर्क में रहने के कारण और वातावरण में नमी होने के कारण अंकुरित अनाज जल्दी सड़ने लगते हैं। इनमें फंगस लगने का खतरा बढ़ जाता है। इनको अगर कच्चा खाया जाता है तो इनसे इंफेक्शन होने का खतरा रहता है। इसलिए इस मौसम में अंकुरित अनाज थोड़ा पकाकर खाएं।

**मशरूम:** बारिश के मौसम में मशरूम खाने से परहेज करना चाहिए। मशरूम को नमी वाले वातावरण में उगाया जाता है। इसमें पहले ही बैक्टीरिया होते हैं। नमी के कारण यह जल्दी खराब होने लगते हैं। इन्हें खाने पर डाइजेशन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं।

**दही-छाछ:** बरसात के मौसम में लगातार दही और छाछ का सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि इनमें बैक्टीरिया जल्दी पनपते हैं। आयुर्वेद में तो दही को बरसात के मौसम में खाने की मनाही होती है। क्योंकि यह पाचन संबंधी समस्या पैदा कर सकते हैं।

**सलाद:** सलाद में इस्तेमाल होने वाले खीरे, गाजर, मूली, चुकंदर जैसी कच्ची चीजों में कीड़े होने की आशंका रहती है। भले ही यह दिखने में खराब न लगें, लेकिन अंदर से खराब होने के कारण इन्हें खाने से इंफेक्शन का खतरा रहता है।

**सीफूड-मछली:** मानसून के दौरान मछली या प्रॉन खाने से बचना चाहिए, क्योंकि यह समय उनके प्रजनन का होता है और इससे फूड पॉइजनिंग होने का खतरा रहता है। बारिश के मौसम में नदियों और झीलों में पानी प्रदूषित होने से मछलियों के शरीर के ऊपर गंदगी जमा हो जाती है। ऐसे में इन मछलियों का सेवन करने से सेहत को भी नुकसान हो सकता है। ❁

# पीडब्लयूडी रेस्ट हाउस में विधायक को सौंपा ज्ञापन


# प्राइवेट स्कूल संघ ने एडमिशन पोर्टल खुलवाने की मांग उठाई

मीटिंग में हांसी व आस पास ग्रामीण क्षेत्र के प्राइवेट स्कूल संचालकों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

प्राइवेट स्कूल संघ के प्रधान रविन्द्र अत्री ढंढेरी की अध्यक्षता में पीडब्लयूडी रेस्ट हाउस में मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें हांसी व आस-पास ग्रामीण क्षेत्र के प्राइवेट स्कूल संचालकों ने भाग लिया।

इस अवसर प्राइवेट स्कूल संघ के पूर्व प्रधान अनिल कुमार ने बताया कि हमारे 30 वर्षों से क्षेत्र से कई छोटे व बड़े स्तर के स्कूल चल रहे है लेकिन इस बार शिक्षा विभाग ने जैसे ही छुट्टियां समाप्त हुई एडमिशन पोर्टल बन्द कर दिया गया। इससे विभिन्न स्कूलों में बच्चों के ऑनलाइन एडमिशन नहीं हो पा रहे हैं। मीटिंग में शिक्षा विभाग द्वारा बंद किए गए पोर्टल को खुलवाने के लिए शिक्षा मंत्री के नाम विधायक विनोद भयाना को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया और सभी प्राइवेट स्कूल संघ संचालकों ने विधायक विनोद भ्याना के आवास पहुंच अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर ज्ञापन सौंपने आए प्राइवेट स्कूल संघ सदस्यों को विधायक विनोद भ्याना ने आश्वासन दिया कि वे शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री से मिल कर प्रदेश भर के सभी निजी विद्यालयों को इस समस्या से निजात दिलाने का काम करेंगे और उनका पोर्टल खुलवाएंगे।



हांसी। विधायक विनोद भ्याना को ज्ञापन सौंपते प्राइवेट स्कूल संघ के प्रधान रविन्द्र अत्री व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रधान रविन्द्र अत्री, तेलु राम रामायण वाला, अनिल कुमार, प्रदीप पुनिया, संदीप यादव, सरदार हरिन्द्र पाल सिंह, कुलदीप यदुवंशी, राजबीर वर्मा, प्रवीण, मनोज आहूजा आदि उपस्थित थे।

### नर्सरी कक्षा के बच्चों का भी एसआरएन जरनेट का पोर्टल पर दें ऑप्शन : कुंडू



सत्यवान कुंडू, प्रदेशाध्यक्ष।

बरवाला। प्राइवेट स्कूल संघ ने नर्सरी कक्षा के बच्चो का भी एमआईएस पोर्टल पर स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन नंबर जरनेट का ऑप्शन देने के लिए शिक्षा निदेशक को पत्र लिखा है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यवान कुंडू ने शिक्षा निदेशक को लिखे पत्र में कहा है कि प्राइवेट स्कूलों में एमआईएस पोर्टल पर ऑनलाइन एडमिशन बालवाटिका थर्ड से आरंभ होते हैं। जिनकी उम्र साढ़े चार वर्ष होती है। इनका ऑनलाइन पोर्टल पर स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन नंबर जरनेट होता है । लेकिन नर्सरी कक्षा यानी तीन से चार वर्ष के बच्चे का एमआईएस पोर्टल पर एसआरएन जरनेट नहीं होता जबकि निःशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के सैक्शन 12(1)(C) के प्रावधान अनुसार मान्यता प्राप्त स्कूलों को अपने विद्यालय की इंट्री लेवल कक्षा में कुल दाखिल सीटों की 25 फीसदी सीटे दिखानी अनिवार्य है। अधिकतर प्राईवेट स्कूलों में इंट्री कक्षा नर्सरी से शुरू होती है जिसमें तीन से चार वर्ष तक के बच्चे का दाखिला किया जाता है लेकिन इस उम्र के बच्चों का एमआईएस पोर्टल पर स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन नंबर जरनेट का कोई फीचर नहीं दिया

## खबर संक्षेप

### नशा तस्करी के खिलाफ जन आंदोलन होगा

हिसार। बाबा हरसुखपुरी नशा मुक्ति समिति क्षेत्र में बढ़ रही नशा तस्करी पर गहरी चिंताई जताई है। संस्था ने क्षेत्र में काला चिट्टा, स्मैक इत्यादि बेचने वालों के खिलाफ जन आंदोलन चलाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया है। इस संबंध में संस्था के सदस्यों की बैठक सातरोड़ खुर्द में संस्था के प्रधान मनोज जाखड़ की अध्यक्षता में हुई। संस्था के प्रधान मनोज जाखड़ ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संस्था पिछले तीन वर्षों से नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाए हुए हैं। नशा मुक्त समाज बनाना हमारी संस्था का मुख्य ध्येय है और बाबा हरसुखपुरी संस्था तब तक आंदोलन करेगी जब तक क्षेत्र पूरी तरह से नशा मुक्त न हो जाए।

### लायंस क्लब हिसार सिटी ने किया पौधरोपण

हिसार। लायंस क्लब हिसार सिटी की ओर से मॉडल टाउन आर्य समाज मंदिर के सामने स्थित दयानंद पार्क में पौधारोपण किया गया। इसमें विभिन्न प्रकार के पौधों को क्लब के सदस्यों ने रोपित किए। क्लब के प्रधान लायन दर्शन खुराना ने क्लब के सदस्यों को प्रेरित किया व इस प्रोजेक्ट को जुनून बनाने का आह्वान किया। इस पौधारोपण के चेयरमैन लायन पवन सिंगला रहे। कार्यक्रम में प्रधान दर्शन खुराना के अलावा लायन डॉ. एस.एस. खुराना, लायन अशोक मदान, लायन पवन सिंगला, लायन सुनील भाई व लायन संजय अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान शुरू

■ एडीसी ने दिए सभी विभागों को पौधरोपण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में एक पेड़ मां के नाम 2.0 पौधरोपण अभियान के क्रियान्वयन को लेकर जिला पौधारोपण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा द्वारा की गई, जिसमें समिति के सभी सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि मानसून सीजन प्रारंभ हो चुका है, ऐसे में अधिक से अधिक पौधरोपण कर अभियान को सफल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों, पंचायतों और कार्यालय परिसरों में खाली पड़ी भूमि पर पौधारोपण किया जाए और पौधों के बचाव एवं देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित करें। बैठक में बरवाला एसडीएम डॉ वेद प्रकाश बेनीवाल, जिला वन अधिकारी एवं समिति के सदस्य सचिव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



हिसार। बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देती अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा। *फोटो :हरिभूमि*

# टेक्सटाइल डिजाइन के दो छात्रों का यूरोफिंस एंश्योरेंस में हुआ चयन

■ चयनित छात्रों को 2 .16 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज की पेशकश की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु दक्ष गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक के टेक्सटाइल डिजाइन डिप्लोमा कोर्स के छात्र तरुण कुमार और दिनेश ने एक और उपलब्धि हासिल की है। दोनों छात्रों का चयन प्रतिष्ठित कंपनी यूरोफ़िन्स ऐश्योरेंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड फरीदाबाद यूनिट में डिप्लोमा ट्रेनी के रूप में हुआ है। चयनित छात्रों को 2.16 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज की पेशकश की गई है। इस अवसर पर एटीपीओ संदीप भेरवान ने जानकारी दी कि चयन प्रक्रिया कंपनी के कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें तीन चरण– लिखित परीक्षा, तकनीकी साक्षात्कार और एचआर इंटरव्यू–के माध्यम से प्रतिभागियों की परीक्षा ली गई। कुल 11 छात्रों ने इस ऑफ-कैम्पस ड्राइव में भाग लिया था। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार, टीपीओ पारितोष पराशर तथा विभागाध्यक्ष डॉ. देश दीपक ने छात्रों को उनकी इस सफलता पर बधाई दी।



हिसार। चयनित छात्र तरुण कुमार व दिनेश।

# भाईचारा क्रांतिकारी सेवा समिति ने गोशाला में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

भाईचारा क्रांतिकारी सेवा समिति द्वारा सोमवार को देवशयनी एकादशी के अवसर पर श्री हरियाणा गोशाला के प्रांगण में शुगर फ्री व अन्य औषधीय पौधे लगाकर पौधरोपण अभियान चलाया गया। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद वत्स ने अपने हाथों से पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शहर थाना प्रभारी सदानंद वत्स ने कहा कि आने वाले समय में पूरे शहर में छायादार, फलदार व फूलों वाले पौधे लगाकर हरा भरा बनाएंगे व प्रत्येक घर में हर सदस्य को अपने जीवन में काम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।

इस अवसर पर सर्व व्यापार मंडल के प्रधान बजरंग बंसल, समिति प्रधान देवेंद्र मेहता, पंडित कमल किशोर शास्त्री, मिथुन बंसल ,समाजसेवी मोनू जिंदल, आर्य समाज प्रधान सतपाल मलिक, सब्जी मंडी के प्रधान अनिल चावला, नरेश रखेजा, लायंस क्लब प्रधान दीपक मित्तल, रमेश मेहता, नरेश मेहता, केएल ग्रोवर, बलवंत मोठिया, शाम मल्होत्रा, प्रवीन मेहता, डॉ. रमेश, जोगिंदर सिंह, मोहित ठकराल, सचिन छाबरा, सोनू अरोड़ा व प्रवीण जांगड़ा सहित काफी संख्या गणमान्य उपस्थित रहे।




हांसी। गौशाला परिसर में पौधारोपण करते शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद वत्स व अन्य।

# आरपीएस के ईशान और अंशुल ने बैचलर आफ मैथमेटिक्स परीक्षा में पाई दूसरी व तीसरी रैंक

■ अब ईशान व अंशूल की नि :शुल्क होगी रिसर्च, पांच हजार रुपए प्रतिमाह मिलेगा स्टाइपेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरपीएस महेंद्रगढ़ के दो विद्यार्थी ईशान व अंशुल ने इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टीट्यूट कोलकाता द्वारा आयोजित बैचलर आफ मैथमेटिक्स प्रवेश परीक्षा में अपनी केटैगरी में आल इंडिया लेवल पर दूसरी व तीसरी रैंक प्राप्त कर अपने विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों चयनित विद्यार्थी इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट कोलकाता में निःशुल्क रिसर्च करेंगे। साथ में इन दोनों विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन लेवल पर पांच हजार रुपये और पोस्ट ग्रेजुएशन लेवल पर आठ हजार रुपये प्रति माह स्टाइफंड मिलेगा। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव तथा प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस आज अभिभावकों के विश्वास के पर बच्चों के सपनों को साकार करने का उचित मंच बन चुका है। उन्होंने कहा कि अपना लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षकों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत करें, निश्चित रूप से सफलता मिलेगी।



महेंद्रगढ़। ईशान व अंशुल को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर कापड़ो में लगाए गए औषधीय पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. धर्मपाल पूनिया के निर्देशन एवं जिला योग कोर्डिनेटर डॉ. बलराज, योग स्पेशलिस्ट पूजा ने गांव कापड़ो में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजयू, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर सुनीता दूहन के मार्गदर्शन में हरित योग योजना के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं आंगनबाड़ी केंद्र कापड़ो में औषधीय पौधे लगाए गए। अन्य लोगों को भी ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने के लिए जागरूक किया।

आर्य समाज कापड़ो के प्रधान एवं आयुष योग सहायक दलशेर आर्य ने बताया कि मानसून के इस समय में चार एकड़ के लगभग लखने वाले तालाब पर पेड़ एवं औषधीय पौधे लगाने का कार्य गांव कापडो के सरपंच प्रतिनिधि कपीश गोयत एवं वन विभाग के वन क्षेत्र अधिकारी रमेश कुमार के सहयोग से लगाए जा रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. संजयू, सुनीता दुहन, आंगनबाड़ी वर्कर सुनीता, नीलम, दर्शना, आयुष योग सहायक राहुल, दलशेर आर्य, अनिल, विजय आदि मौजूद रहे।



नारनौंद। गांव कापड़ों में पौधारोपण करते हुए दलशेर आर्य व सुपरवाइजर सुनीता दुहन।



हिसार। विभिन्न क्षेत्रों में बैठकें करते निर्माण मजदूर। *फोटो :हरिभूमि*

### जांच के नाम पर मजदूरों की सुविधा राशि रोकने का फरमान नहीं होगा बर्दाश्त

हिसार। भवन निर्माण कामगार यूनियन नेताओं ने किरतान, खारिया, कैमरी आदि गावों में निर्माण मजदूरों की बैठकें करके 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियां की। इन बैठकों के दौरान यूनियन नेताओं ने सरकार पर मजदूरों को परेशान करने के आरोप लगाए। भवन निर्माण कामगार यूनियन तहसील सचिव राकेश गगंवा ने बताया कि मौजूदा सरकार में श्रम कल्याण बोर्ड में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है जिसका खामियाजा निर्माण मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है। पिछले तीन महीनों से निर्माण मजदूरों को सुविधा का एक पैसा भी नहीं मिला है। जांच के नाम पर डीबीटी पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़-चढ़ कर निर्माण मजदूरों को शामिल कराएगी।

# सेक्टर 33 को बनाया जाएगा हराभरा व सुंदर

■ रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी ने बैठक कर सेक्टर 33 की समस्याओं को पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी सेक्टर 33 की बैठक सोसायटी के प्रधान धर्मवीर पानू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक संस्थाओं और प्रशासन के सहयोग से सेक्टर को हरित, स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया गया। प्रधान धर्मवीर पानू ने बताया कि सेक्टर में व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा, ताकि क्षेत्र न केवल हरियाली से आच्छादित हो, बल्कि पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी समृद्ध बने। इस दिशा में एचएसवीपी द्वारा पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड स्थापित करने के लिए टेंडर जारी किया गया है, जिससे आवारा पशुओं से पौधों को होने वाले नुकसान को रोका जा सके।

सोसाइटी के सचिव बलविंदर सिंह ने बताया कि बैठक में सेक्टर की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। पार्कों के विकास, बिजलीघर, वॉटर टैंक, कम्युनिटी सेंटर, पुलिस चौकी, सिरसा रोड से जुड़ाव , बैठने के लिए बेंच, ब्लॉक ई में ट्रांसफार्मर स्थापना, सीवरेज ढक्कनों की मरम्मत, बरम सफाई, ड्रेनेज पाइपों की सफाई और सेक्टर की समग्र स्वच्छता जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। साथ ही, रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी की ऑडिट रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। प्रधान पानू ने यह भी घोषणा की कि सेक्टर 33 की रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी ने सदस्यता अभियान को पुनः शुरू किया है।



हिसार। बैठक में उपस्थित रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### *ये रहे मौजूद*

*इस अवसर पर सचिव बलविंदर सिंह, सह-सचिव डॉ. सुरेंद्र बिश्नोई, कार्यकारिणी सदस्य प्रोफेसर कुँवर सिंह नेहरा, सतबीर मेहरा, सुनील कड़वासरा, धर्मपाल कस्बा, लक्ष्मी नारायण रोहिल्ला, अशोक भूटानी, डॉ. योगेश महर्षि, जगदीश गोदारा, धर्म सिंह खटकड़, जितेंद्र नरवाल, मनीष गर्ग, जावा सहगल, सूबेदार परमार, बलिंदर बिश्नोई, सुनील गर्ग, कृष्ण वर्मा, डॉ. सहारण, नीरज सोनी सहित अनेक सेक्टरवासी उपस्थित थे।*



हिसार। यूथ रेडक्रॉस इकाई के स्वयंसेवकों का हौसला बढ़ाते कुलसचिव डा. विजय कुमार। *फोटो :हरिभूमि*

### युवाओं का संवेदनशील होना दर्शाता, उनकी समाज के प्रति जिम्मेदारी : प्रो. बिश्नोई

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रकार के कोर्सेज में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाएं व काउंसलिंग चल रही है। ऐसे में बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों एवं अभिभावकों को विश्वविद्यालय के अलग-अलग पाठ्यक्रमों एवं काउंसलिंग के बारे में जानकारी देने के लिए विश्वविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस इकाई ने हेल्प डेस्क लगाए हैं। इसमें 4 से 5 स्वयंसेवकों की टीम होती है, जो बाहर से आने वालों को विश्वविद्यालय में हो रही अलग-अलग पाठ्यक्रमों की काउंसलिंग के बारे में व लिखित परीक्षा के शिक्षण खंड की जानकारी दे रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि युवाओं का संवेदनशील होना, उनकी समाज के प्रति जिम्मेदारी को दर्शाता है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार स्वयं भी हेल्प डेस्क स्थल पर पहुंचे और स्वयंसेवकों का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर यूथ रेडक्रॉस इकाई के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. महावीर प्रसाद, यूथ रेडक्रॉस फील्ड कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र श्योराण, स्वयंसेवक आदित्य, तुषार, सचिन आदि रहे।

# जी.सी. नारंग को ईश्वरीय ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सेक्टर 14 निवासी व्यवसायी एवं सोशल कार्यकर्ता जी.सी. नारंग को ईश्वरीय ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय द्वारा बालसमंद रोड स्थित पीस पैलेस में आयोजित भव्य आयोजन में स्मृति चिन्ह, पटका और बैज लगा कर सम्मानित किया गया। शहर से काफी संख्या में संस्थाओं के प्रमुख व प्रतिनिधि उपस्थित थे, जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देकर समाज के उत्थान और भलाई का कार्य किया। जीसी नारंग का कहना है यह सम्मान आने वाली पीढियों के लिए प्रेरणा है कि वह भी इस तरह के कार्य करके भारत को स्वर्णिम बनाने में ईश्वरीय ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय के मिशन में अपना योगदान दें। नारंग पिछले काफी सालों से ब्लड डोनर सोसाइटीज व रेडक्रास सोसाइटी के माध्यम से काफी ब्लड कैम्प व जरुरत मंदों का मुफ्त इलाज करवाने में सहयोग करते रहते हैं।



हिसार। समाजसेवी जीसी नांरग को सम्मानित करते ईश्वरीय ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय के प्रमुख। *फोटो :हरिभूमि*

## एसडीएम राजेश खोथ ने नागरिकों को पौधे देकर की अनूठी पहल की शुरुआत

# अब लघु सचिवालय में आने वालों को दिए जाएंगे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

सरकारी कार्यों को लेकर संयुक्त कार्यालय परिसर आने वाले नागरिकों को म्हारी हरी - भरी हांसी अभियान के तहत उपमंडल प्रशासन द्वारा निशुल्क पौधे उपलब्ध करवाए जाएंगे। एसडीएम राजेश खोथ ने सोमवार को नागरिकों को पौधे देकर इस अनूठी पहल की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने संयुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि उपमंडल क्षेत्र को हरा-भरा बनाने के लिए शुरू किए गए इस अभियान के तहत 10 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, और अब तक इस अभियान के तहत लगभग 1500 पौधे रोपित करवाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि वन विभाग की हांसी शहर, सोरखी तथा पाली गांव में स्थित नर्सरियों में लगभग 100 प्रजातियों के पौधे उपलब्ध हैं। इनमें फलदार, छायादार, फूलदार तथा औषधिय पौधे शामिल हैं। कोई भी व्यक्ति इन नर्सरियों से फ्री में पौधे प्राप्त कर सकते हैं।



हांसी। लघु सचिवालय परिसर में आने वाले नागरिकों को पौधे वितरित करते एसडीएम राजेश खोथ। *फोटो :हरिभूमि*

### रामशरण आश्रम के निकट बनेगी ग्रीन बेल्ट

एसडीएम कहा ने कि राम शरणम आश्रम के निकट ग्रीन बेल्ट विकसित की जाएगी। उन्होंने बताया कि यहां पड़े कूड़ा करकट को उठाने का कार्य प्रारंभ करवा दिया गया है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह शेष बचे कूड़ा करकट को जल्द उठाकर यहां आवश्यकता अनुसार मिट्टी भरत करवाना सुनिश्चित करें।

### सोमवार को लगाया गया शिविर

संयुक्त कार्यालय परिसर में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एसडीएम राजेश खोथ ने नागरिकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में तीन समस्याएं प्रस्तुत की गई। एसडीएम ने समाधान शिविर में समस्याएं लेकर आने वाले तथा अन्य मौजूद लोगों को पौधे भेंट किए और जीवन में पेड़ पौधों के महत्व बारे जागरूक करते हुए अपने घर-आंगन खेत इत्यादि में रोपित करने की अपील की। वन विभाग द्वारा यहां 500 पौधों की व्यवस्था की गई थी।

## खबर संक्षेप

### कबड्डी मैच में खरबला ने सिसर को हराया

**हांसी।** नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत हांसी पुलिस द्वारा गांव बडाला में सर्कल कब्बड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कर युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित कर, उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने के प्रति जागरुक किया। नशा मुक्ति टीम के प्रभारी एएसआई दीपक कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सिसर, बडाला व खरबला की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला में सिसर और खरबला गांव टीमों के बीच हुआ। बेहद रोमांचक मुकाबले में खरबला की टीम ने सिसर गांव की टीम को 19-16 से हराकर जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया।

### जूनोटिक रोगों की रोकथाम के लिए कार्यशाला का आयोजन

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में कॉलेज सेंट्रल लैब एवं पशु जनस्वास्थ्य एवं महामारी विज्ञान विभाग द्वारा नेशनल रिसर्च सेंटर ऑन इक्वाइन्स के सहयोग से जूनोटिक रोग सेंटिनल सर्विलांस परियोजना, एनसीडीसी, नई दिल्ली के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य जूनोटिक रोगों जैसे ब्रुसेलोसिस, ट्यूबरकुलोसिस (टीबी), और रेबीज की रोकथाम एवं नियंत्रण और 'वन हेल्थ' पर विचार-विमर्श करना था।

### हड़ताल में ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन भाग लेगी

**हांसी।** भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन संबंधित ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर के जिला प्रधान सत्यनारायण भाटोल ने कहा है कि केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों के साझा आह्वान पर 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए हमारी यूनियन हड़ताल में भाग लेगी। यूनियन के सभी सदस्य हड़ताल पर रहकर जिला स्तर पर होने वाले धरना-प्रदर्शन व जुलूसों में शामिल होंगे। भाटोल ने बताया कि 9 जुलाई को राष्ट्रीय हड़ताल वाले दिन हमारी यूनियन के सभी सदस्य व कारीगर, मजदूर-मिस्त्री आदि अपना काम बंद रखेंगे।

### मांगों को लेकर भारतीय मजूदर संघ ने की बैठक

**हिसार।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ की बैठक विद्युत नगर, हिसार स्थित दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के मुख्यालय के पार्क में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विद्युत सदन मुख्यालय हिसार के सह-सचिव सतेंद्र यादव ने की एवं मंच का संचालन सचिव सलीम खान ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा सर्विस रूल-2024 को जारी करने में हो रही देरी, हर वर्ष 8 प्रतिशत वेतन बढ़ोतरी एवं चिरायु कार्ड के बारे चर्चा करना रहा। इस मौके पर विद्युत सदन मुख्यालय हिसार के अध्यक्ष नीरज तारा, सचिव सलीम खान, रविन्द्र सिंह, सतेंद्र यादव, हरीश, मुकेश कुमार मौजूद रहे।

# रामायण टोल प्लाजा के पास प्राइवेट बस में लगी आग, 40 यात्री बाल-बाल बचे

## आग लगने से मची अफरा-तफरी, ड्राइवर ने सूझबूझ से समय रहते सवारियों को उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

रामायण टोल प्लाजा के समीप सोमवार दोपहर एक चलती प्राइवेट बस में आग लग गई। बस में धुआं उठता देख चालक ने समझदारी का परिचय देते हुए बस को सड़क किनारे रोक बस में सवार सभी सवारियों को नीचे उतार दिया।

इससे बड़ा हादसा होने से टल गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। वहीं प्राइवेट बस में आग लगने की सूचना मिलने पर डायल 112 व फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और गाड़ी में लगी आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिसार-दिल्ली रोड पर रामायण टोल प्लाजा के पास चलती प्राइवेट बस में आग लग गई। घटना के समय बस में करीब 40 यात्री सवार थे।

लेकिन ड्राइवर की सूझबूझ से सभी यात्री सुरक्षित बच गए। जैसे ही बस से धुआं निकलता दिखा, ड्राइवर ने तुरंत बस को सड़क किनारे रोक दिया। औ सभी यात्रियों को बस से नीचे उतार दिया।




हांसी। आग लगने से जली निजी बस व बस में लगी आग पर काबू पाती फायर ब्रिगेड की टीम। फोटो :हरिभूमि

### हिसार से हांसी आ रही थी बस

बस मालिक विजेंद्र ने बताया कि उनकी बस 11:30 बजे हिसार बस स्टैंड से हांसी के लिए रवाना हुई थी। जैसे ही बस रामायण टोल प्लाजा पार कर हांसी की ओर बढ़ी तो चालक को गाड़ी के पिछले टायर में धुआं उठता हुआ दिखाई दिया। जिसे देख उसने बस को सड़क किनारे साइड में लगाया और सभी सवारियों को नीचे उतार दिया। उन्होंने बताया कि बस से सवारियों के उतरते ही आग पूरी तरह भड़क गई। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। लेकिन गनीमत रही कि कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ।

### सड़क पर खड़े पानी की वजह से लगी आग

*गाड़ी मालिक विजेंद्र ने बताया कि बारिश के कारण सड़कों पर पानी भरा होता है। इससे गाड़ी के ब्रेक लेदर भीगकर चिपक जाते हैं और यह हादसा भी बस के ब्रेक लेदर चिपकने और ड्रम के गर्म होने के कारण हुआ है। वही फायर ब्रिगेड कर्मियों ने बताया कि उन्हें लगभग 12:15 बजे बस में आग लगने की घटना की सूचना मिली थी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेकर तुरंत मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया है।*

# युवक के साथ मारपीट कर अपहरण का प्रयास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

तोशाम रोड स्थित एक पाइप फैक्ट्री संचालक के साथ मारपीट कर उसका अपहरण करने की कोशिश का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी गई शिकायत में गांव भगाना निवासी 21 वर्षीय रवि ने बताया कि तोशाम रोड पर एक पाइप फैक्ट्री चलाता है। सोमवार को उसकी दुकान पर एक युवक ग्राहक बनकर पहुंचा और पाइप देखने की बात कहकर रवि को गाड़ी में साथ चलने के लिए कहा। रवि ने जब गाड़ी स्टार्ट की, तो युवक ने कहा कि बाइक से चलते हैं। जिस पर उसे युवक का व्यवहार कुछ संदिग्ध लगा, लेकिन फिर भी वह युवक के साथ गोदाम की ओर चल पड़ा। रवि ने बताया कि जैसे ही वे लोग पाइप देखने के बाद बाहर निकले, तो ग्राहक बन आया युवक उसे फैक्ट्री की तरफ ले गया। जहां पहले से कुछ लोग मौजूद थे। उन्होंने मुझे देखते ही मुझ पर हमला कर दिया और गाड़ी मंगवाने लगे। लेकिन इस दौरान वह मौका पाकर किसी तरह वहां से भाग निकला। और डायल 112 पर फोन कर पुलिस को मौके पर बुलाया। रवि ने बताया कि उन लोगों ने उसके मारपीट कर घायल कर दिया और उसे अगवा करने की कोशिश की गई। रवि ने बताया कि हमलावर बिना नंबर की गाड़ी रखते हैं।

रवि का आरोप है कि इस पूरी साजिश के पीछे उसके चचेरे भाईयों का हाथ है, जिसके साथ पारिवारिक जमीनी विवाद चल रहा है। पीड़ित का कहना है कि यह हमला पहले से रची गई साजिश का हिस्सा था। और जिन चचेरे भाईयों के साथ उसका जमीनी विवाद चल रहा वो भी इस साज़िश में शामिल है।



अस्पताल में उपचाराधीन रवि

### जमीन को लेकर विवाद

रवि ने बताया कि उनका अपने चचेरे भाइयों से पुश्तैनी जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। जिसमें कल जमीन नपाई का काम चल रहा था। वहां भी आरोपी कुछ लोग लेकर पहुंचा था और उस से हाथापाई, किडनैपिंग और मारपीट की गई थी। आरोप है कि रिश्ते में मामा ने उसे अगवा कराने की कोशिश की।

# कैंप में 83 लोगों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

चौधरी सतबीर खर्ब फाउंडेशन जींद के द्वारा गांव उगालन में एक्यूप्रेशर चिकित्सा कैंप का सफल आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर समाजसेवी वीरेंद्र आर्य, विशिष्ठ अतिथि दलवीर चहल व सरपंच प्रतिनिधि नरेश कुमार पहुंचे और कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पार्षद विजेंद्र खर्ब के द्वारा की गई। फाउंडेशन के संस्थापक रबिन उर्फ रोबिन खर्ब उगालन ने बताया कि इस कैंप का 83 महिला व पुरुषों ने लाभ उठाया।

एक्यूप्रेशर चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि इस पद्धति से शरीर की सभी नसों को रिफ्रेश करने का कार्य किया जाता है जिससे नशे सुचारू रूप से अपना काम करती हैं। इस मौके पर सह संस्थापक प्रीतम सिंह, बिरेंद्र खर्ब, कोषाध्यक्ष सिलकराम, समाजसेवी नारायण, राधे, बाबा ब्रह्मचारी मंदिर के महंत, भाई नन्हा आदि मौजूद रहे।



हिसार। अतिथियों को स्मृति चिन्ह देते आयोजक।

# नेल्टास ओलंपियाड में यदुवंशी शिक्षा निकेतन के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

यदुवंशी शिक्षा निकेतन, हांसी के विद्यार्थियों ने हाल ही में आयोजित नेल्टास ओलंपियाड में भाग लेकर अपनी प्रतिभा, मेहनत और ज्ञान का प्रदर्शन किया जिसने विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ा दिया। इस प्रतिष्ठित ओलंपियाड में विद्यालय के छात्रों ने अंग्रेजी भाषा, विज्ञान और गणितीय क्षमता जैसे विषयों में अपनी गहरी समझ और दक्षता का परिचय दिया। प्रतियोगिता में छात्रों ने न केवल भाग लिया, बल्कि कई विद्यार्थियों ने उच्च रैंक प्राप्त कर विद्यालय को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। और इन उपलब्धियों ने यह सिद्ध कर दिया कि यदुवंशी शिक्षा निकेतन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का पर्याय बन चुका है। इस उपलब्धि पर यदुवंशी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक एवं चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह देखकर अत्यंत गर्व होता है कि हमारे विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। यह सफलता उनकी लगन, शिक्षकों की मेहनत और विद्यालय की शिक्षा-नीति का परिणाम है। विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने जिस प्रकार समर्पण के साथ ओलंपियाड की तैयारी की और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, वह अत्यंत सराहनीय है।



हांसी। ओलंपियाड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र मेडल प्रदान करते स्कूल प्राचार्य सुनील कुमार व अन्य



हिसार। सनशाइन योगा ग्रुप, सेक्टर 14 की नई कार्यकारिणी प्रधान राजेंद्र सिंगला के साथ।

### राजेंद्र सिंगला बने सनशाइन योगा ग्रुप के नए प्रधान

**हिसार।** सनशाइन योगा ग्रुप द्वारा सुभाष पार्क, सेक्टर 14 में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया। नई कार्यकारिणी में प्रधान राजेंद्र सिंगला, संरक्षक नरेंद्र जैन और भूषण झांब, उप प्रधान धर्मेंद्र मलिक, सचिव अमित बंसल, सह सचिव रॉबिन पाहुजा, कोषाध्यक्ष पवन सिंगला, सह कोषाध्यक्ष प्रवीन बंसल, एग्जिक्यूटिव मेंबर अनिल मित्तल, जितेंद्र जांगड़ा और नरेश आहूजा को मनोनीत किया गया। इससे पूर्व ग्रुप के सचिव अमित बंसल ने पिछले साल के ग्रुप के कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया और कोषाध्यक्ष पवन सिंगला ने पिछले साल का बजट पेश किया। बैठक में ईश झांब, वीरेंद्र कक्कड़, विक्रम बंसल, मदन लाल गिरधर, आशीष मेहता, पारुल आहूजा, जगदीश वर्मा, सुरेश बंसल, बलवंत डालमिया, वेद गिरधर, ऋषभ डालमिया, संजय गर्ग, नवीन तनेजा और राकेश मौजूद थे।

# ग्रामीण और पुलिस मिलकर रोकेंगे नशा

## नशा रोको-देश बचाओ कमेटी का गठन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

नारनौंद की बड़ी चौपाल में बजे सिंह लोहान की अध्यक्षता में नशा रोको देश बचाओ कमेटी का गठन किया गया। इसमें संदीप लोहान एडवोकेट प्रधान बनाया गया उपप्रधान सूरत सिंह काजल को बनाया गया अन्य पदाधिकारी हुई चुने गए।

इस अवसर पर थाना प्रभारी बलवान सिंह ने सभी मौजिज लोगों को नशे पर लगाम लगाने के लिए और नशा रोकने के लिए अपील की उन्होंने कहा नशा समाज के लिए एक बुराई है और हम सबको एकजुट होकर इस बुराई को खत्म करना है। सभी ने पुलिस को आश्वासन दिया है कि वे हर प्रकार से नशा रोकने में सहयोग करेंगे। थाना प्रभारी ने सभी को कहा की अपने-अपने वार्ड में ज्यादा ज्यादा कैमरे लगवाए और रात्रि के समय चौकीदार का प्रबंध करें। चौपाल का रख रखाव के लिए विशेष रूप सदस्य चुने गए गए जिनमें वजीर सिंह लोहान उर्फ काला, उदयपुर काजल, टेकराम लोहान ,राजेंद्र उर्फ काला, धर्मबीर लोहान, रमेश लोहान उर्फ बसाऊ राजेंद्र लोहान, सुनीता लोहान पार्षद, कलावती काजल इत्यादि विशेष तौर पर मौजूद रहे।



नारनौंद। बड़ी चौपाल में थाना प्रभारी बलवान सिंह को सम्मानित करते हुए ग्रामीण।

### मांगों पर गंभीर नहीं प्रदेश सरकार : रमेश

**हिसार।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन की ग्रामीण ब्रांच की बैठक ब्रांच प्रधान रमेश शर्मा की अध्यक्षता में कैमरी रोड स्थित यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए ब्रांच प्रधान रमेश शर्मा ने सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों की कड़ी निंदा करते हुए बताया कि सरकार कर्मचारियों की मांगों के समाधान को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों के रोष को देखते यूनियन ने 15 जुलाई को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का निर्णय लिया है। बैठक में चेयरमैन कमल किशोर, कोषाध्यक्ष सुनील भुक्कल व सचिव मनोज भांभू , सतपाल, लवि, नरेंद्र, सुनील, आजाद, साधु, मंदीप, राजेंद्र, हरचंद मौजदू रहे।

# खारिया के संजय उर्फ मंगल की हत्या के मामले में एक गिरफ्तार




**हिसार।** सीआईए टीम एवं बालसमंद चौकी पुलिस ने खारिया निवासी संजय उर्फ मंगल की हत्या के मामले में आरोपी गांव खारिया में रह रहे बास निवासी सोमबीर को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी उप-निरीक्षक शेषकरण ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी सोमबीर और मृतक संजय उर्फ मंगल के बीच कुछ दिन पूर्व मोटरसाइकिल को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश के चलते 23-24 जून की रात को आरोपी सोमबीर ने कुल्हाड़ी से वार कर संजय उर्फ मंगल की हत्या कर दी। मामले में मृतक के भाई संदीप उर्फ कालू की शिकायत पर सदर थाना में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी सोमबीर की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया। आरोपी से गहन पूछताछ जारी है। उसे अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005



### बीड़ बबरान धाम में श्याम बाबा का संकीर्तन किया

**हिसार।** समाज को अध्यात्म से जोड़ने वाले बीड़ बबरान धाम में श्याम बाबा का संकीर्तन धूमधाम से आयोजित किया गया। संकीर्तन के दौरान गायकों ने भजनों के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। मेरी लाज रखना, मेरी लाज रखना, तेरे द्वारे आया मैं बाबा, तेरी शरण में आया मैं बाबा, मेरी लाज रखना, मेरी लाज रखना, भजन सुनकर मंत्रमुग्ध होकर बहुत से श्रद्धालु झूमने व नाचने लगे। निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि संकीर्तन के लिए श्याम बाबा के दरबार को विशेष रूप से सजाया गया। भक्तों ने श्याम बाबा के दरबार में माथा टेककर अपने कष्टों के निवारण की कामना की। विनय शर्मा ने धाम में स्थापित पीपल के वृक्ष की महिमा भी बताई।

**प्रयास** | गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय और एनईएन के बीच हुआ एमओयू

# अब जॉब देने वाले बनेंगे गुजवि के विद्यार्थी : प्रो. बिश्नोई

## कौशल विकास के नए आयाम खोलेगा यह एमओयू

- स्टार्टअप की दुनिया में कदम रखने का नया मौका मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने वाधवानी फाउंडेशन की प्रतिष्ठित पहल नेशनल एंटरप्रेन्योरशिप नेटवर्क (एनईएन) के साथ एक अहम मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) किया है। तीन साल के इस एमओयू से विद्यार्थियों को स्टार्टअप और उद्यमिता की दुनिया में कदम रखने का नया मौका मिलेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया अब हमारे विद्यार्थी नौकरी मांगने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनेंगे। उन्होंने बताया कि इस साझेदारी का मकसद है विद्यार्थियों में व्यापारिक सोच, नवाचार और व्यावहारिक कौशल विकसित करना। यह एमओयू बिना किसी वित्तीय बोझ के किया गया है। वाधवानी फाउंडेशन के साथ मिलकर हम विद्यार्थियों को व्यावसायिक दृष्टिकोण, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मकता से युक्त एक नई पीढ़ी के रूप में तैयार कर पाएंगे। यह पहल 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प की दिशा में भी एक मजबूत प्रयास है। वाधवानी फाउंडेशन के प्रतिनिधि अमित सिंह और प्रो. गोपा कुमार ने बताया कि प्रैक्टिस वेंचर से अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।




हिसार। एमओयू का आदान-प्रदान करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई एवं वाधवानी फाउंडेशन के प्रतिनिधि अमित सिंह।

### संयुक्त निगरानी और छात्रों को मिलेगा पूरा लाभ

*विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेज प्रो. संजीव कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन की संयुक्त निगरानी दोनों संस्थानों द्वारा नियुक्त प्रतिनिधियों द्वारा की जाएगी। एक वरिष्ठ प्रबंधन मूल्यांकन समिति समय-समय पर प्रगति की समीक्षा करेगी, सुझाव देगी और आवश्यकतानुसार सुधार करेगी। विश्वविद्यालय अपने छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने के लिए ऐसे नवाचार आधारित साझेदारियों के लिए प्रतिबद्ध है और हमारे सभी महाविद्यालय इस कार्यक्रम का लाभ उठा सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय मामलों की अधिष्ठाता प्रो. नमिता सिंह ने बताया कि हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के माध्यम से इस पूरे कार्यक्रम को लागू किया जाएगा।*

### हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस मुख्य कड़ी

हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के अधिष्ठाता प्रो. कर्मपाल नरवाल एवं निदेशक प्रो. विनोद कुमार ने बताया कि वाधवानी फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री, पाठ्यक्रम एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म का विद्यार्थियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। हालांकि, विश्वविद्यालय आईटी संसाधनों या फैकल्टी समय की वास्तविक लागत की प्रतिपूर्ति कर सकता है। उन्होंने बताया कि वाधवानी फाउंडेशन ने पहले ही गुजवि और इससे संबद्ध महाविद्यालयों के 40 शिक्षकों को इस पाठ्यक्रम एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए प्रशिक्षित कर दिया है। यह पाठ्यक्रम पूरी तरह से प्रैक्टिकल आधारित होगा और विद्यार्थियों को स्टार्टअप आइडिया जनरेशन से लेकर एक पूर्ण व्यावसायिक योजना (वेंचर प्रोपोजल) तक ले जाएगा।